लर्निंग फिएस्टा में बच्चों ने सीखे गुर

अजमेर @ पत्रिका. सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल की ओर से नाका मदार स्थित सामुदायिक भवन में आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए लर्निंग फिएस्टा का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि हेमन्त शर्मा, नितिन जैन, रजनीश चौहान, अलका भाटी, आशु शर्मा व निखिल टंडन आदि रहे। ईवेंट कॉ-ऑर्डिनेटर सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल की ख़्याति अरोडा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान डांस, जुम्बा, अबेकस, योग एवं मेडिटेशन, कॉन्संट्रेशन बिल्डिंग एक्सरसाइज, सेशन विद स्पेशल एजुकेटर आदि सत्र रखे गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को खेल के माध्यम से विषयों के प्रति रुचि उत्पन्न करना व कठिन विषयों को खेल खेल में ही सीखें। विद्यालय में शारीरिक व मानसिक स्वस्थ स्वास्थ्य के लिए जुंबा, डांस, योग, अबेकस, फन लर्निंग विद साइंस के सत्र नियमित कराए जाते हैं।